भा. कृ. अनु. प. –केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
ICAR - Central Arid Zone Research Institute
जोधपुर (राजस्थान) 342 003 / Jodhpur (Rajasthan) 342 003

फा.क्र. संसंकप / चुनाव / 2020 / 1 दिनांक : 10.02.2020

## परिपत्र

कार्यालय आदेश संख्या फा.क्र. 7–56 / आईजेएससी / 2020–2023–प्रशासन–प्रथम् दिनांक 25.01.2020 की अनुपालनानुंसार संस्थान की संयुक्त कर्मचारी परिषद की विभिन्न श्रेणियों के 06 प्रतिनिधियों (तकनीकी –2, मंत्रालयिक – 2, चतुर्थ श्रेणी – 2) के चुनाव का कार्यक्रम निम्नानुसार प्रस्तावित हैं :

| क.सं. | चुनाव कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अवधि व अंतिम तिथि | 17.02.2020 से 20.02.2020 तक (अपरान्ह 3 बजे तक) |
| 2 | नामांकन पत्रों की जांच व वैद्यता की घोषणा | 21.02.2020 |
| 3 | नाम वापस लेने की अंतिम तिथि | 22.02.2020 |
| 4 | मान्य प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन व चुनाव चिन्ह आवंटन | 27.02.2020 |
| 5 | मतदान की तिथि एवं समय | 17.03.2020 (प्रातः 10 से सांय 05 बजे तक) |
| 6 | मतगणना व परिणाम घोषणा | 26.03.2020 (प्रातः 11 बजे से) |

नामांकन पत्र का प्रारूप तथा मतदाताओं के लिये परामर्श संलग्न हैं। संस्थान के केवल वे ही नियमित कर्मचारी मतदान में भाग ले सकेंगे, जिनकी सूची कार्यालय द्वारा उपरोक्त आदेश के साथ उपलब्ध करवायी गई हैं। इस सूची की प्रति विभागाध्यक्षों व काजरी संयुक्त कर्मचारी परिषद् कार्यालय को उपलब्ध करवाई जायेगी। सूची का अवलोकन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व प्रक्षेत्रों के प्रभारी के कार्यालय में भी अपरान्ह 3–4 बजे के दौरान किया जा सकता हैं। इच्छुक प्रत्याशी नामांकन पत्र प्रारूप (फोटोप्रति स्वीकार्य) के अनुसार नामांकन पत्र, **सहायक निर्वाचन अधिकारी, डॉ. कुलदीप सिंह जादौन** के कार्यालय **(विभाग तृतीय, कमरा क्रमांक 108A)** में जमा कराएें। क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व प्रक्षेत्रों के प्रत्याशी नामांकन पत्र व्यक्तिगत या डाक अथवा फेक्स (0291–2788706) द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। **अंतिम तिथि तथा समय के पश्चात् प्राप्त नामांकन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।**

अवकाश पर गये या जाने वाले मतदाता डाक मतपत्र के लिये 2 मार्च से 16 मार्च, 2020 के बीच **सहायक निर्वाचन अधिकारी** के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। इन मतदाताओं के डाक मतपत्र मतदान की तिथि तक सहायक निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में पहुच जाने चाहिये। 17 मार्च, 2020 को मतदान कार्य मुख्यालय, पाली, बीकानेर व जैसलमेर क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा भोपालगढ क्षेत्र में निर्वाचन अधिकारी द्वारा गठित मतदान दलों द्वारा निष्पादित करवाये जायेंगे, जो मतपत्रों को मतदान पेटियों में सहायक निर्वाचन अधिकारी को सौपेंगे। मतदान दलों से सम्बद्ध मतदाता अपना मत बंद लिफाफे में रवानगी से पूर्व सहायक निर्वाचन अधिकारी को सुपुर्द कर सकेंगे। भुज क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र के मतदाताओं के मत सील किये लिफाफे में अधिकृत अधिकारी द्वारा सहायक निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में पहुँचाये जायेंगे। लेह क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र के मतदाता डाक द्वारा अपना मत प्रेषित करेंगे।

मतगणना के समय (प्रातः 11 बजे से ) स्वयं प्रत्याशी अथवा उसका कोई एक अधिकृत प्रतिनिधि मतगणना स्थल (संस्थान का सभागार) पर उपस्थित रहने का अधिकारी होगा।

(दिनेश मिश्रा)
**निर्वाचन अधिकारी**